Fourteenth Loksabha

Session : 7
Date : 21-02-2006

Participants : Rawat Shri Bachi Singh

an>

Title : Need to commission Satellite Phone Service in Almora Parliamentary Constituency, Uttaranchal.

श्री बची सिंह रावत 'बचदा' (अल्मोड़ा) : अध्यक्ष महोदय, सन 2001-2002 में देश के समस्त राजस्व ग्रामों तक दूरभाा सुि वधा पहुंचाने के लिए योजना बनायी गयी थी। इसके अंतर्गत उन स्थानों की पहचान की गयी थी, जहां भूमिगत केबल लाइन या वायरलेस इन लोकल लूप (डब्ल्यू.एल.एल.) सेवा द्वारा भी कोई दूरभाा सुविधा नहीं पहुंच सकती।

इस संबंध में सर्वे के आधार पर यह जानकारी आयी थी कि सम्पूर्ण उत्तरांचल प्रदेश में लगभग 4000 राजस्व ग्राम ऐसे हैं जहां टेलीफोन की लैंडलाइन सुविधा या डब्ल्यू0एल0एल0 सेवा नहीं पहुंच सकती है और इसमें भी अल्मोड़ा संसदीय क्षेत्र के चार जिलों अल्मोड़ा, बागेश्वर व चम्पावत जिले के 1340 राजस्व गांवों तक उपरोक्त सुविधा नहीं पहुंच सकती है।

अतः शासन स्तर पर सन 2002 में यह निर्णय लिया गया था कि उपरोक्त 1340 राजस्व गांवों में एक एक सेटेलाइट फोन की फोन सेवा प्रदान की जाये और यह फोन सेवा स्थानीय पी0सी0ओ0 के रूप में कार्य करेंगे। इस फोन से वा के लिए टेंडर भी आमंत्रित किये गये। परन्तु यह सेवा आज तक भी प्रारंभ नहीं हुयी है, जिस कारण उपरोक्त 1340 राजस्व ग्रामों की जनता टेलीफोन की सुविधा से वंचित हे।

अतः इस सूदूर पर्वतीय क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति व इस क्षेत्र की संवेदनशीलता को देखते हुए उपरोक्त सेटेलाइट फोन सेवा को शीघ्र प्रारंभ करने की कार्यवाही की जाये।